

## गुस्ताखी माफ

संत जनों के पास है, भक्तों की भरमार।
अगर आप कर दें बचन, नैया लागे पार।
नैया लागे पार, इशारा कर दें जिसको।
पड़ जाती है वोट, एक तरफा ही उसको।
कह साहिल कविराय, कृपा पूरी कर देना।
बदले में जब कहें, ग्रांट उतनी ले लेना।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

RNI NO PUNBIL/2014/59416

UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS




VOL: 11 | ISSUE 180 | TUESDAY 07-07-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER   Visit at : www.uturntime.com


## अवैध वसूली के खुलासे पर ठेकेदारों ने बीच में छोड़ा काम, लोग परेशान, सबूत मिलने पर भी अफसर-राजनेता की चुपी बनी सवाल

**नहरी पानी प्रोजेक्ट तहत बिछाई पाइपलाइन के कनेक्शन की एवज में घरों से पैसे लेने का मामला**

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/6 जुलाई। लुधियाना में नहरी पानी घरों तक पहुंचाने के लिए पाइपलाइन बिछाई को वर्ल्ड बैंक की और से अकेले लुधियाना को साढ़े 1400 करोड़ रुपए दिए हैं। इस प्रोजेक्ट के तहत हल्का साउथ के वॉर्ड 31 में पड़ते ढोलेवाल की विश्वकर्मा कॉलोनी में भी पाइपें बिछाई जा रही है। निगम से पेमेंट मिलने के बावजूद ठेकेदारों के वर्करों द्वारा कनेक्शन करने के नाम पर हर घर से 6000 रुपए तक की अवैध वसूली की जा रही है। इसका खुलासा होने के बाद ठेकेदार के वर्कर अपना बचाव करते हुए काम बीच में ही बंद करके चलते बने। गली नंबर 13 बुरी तरह से तोड़ रखी है, इलाका निवासियों को घरों से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। चर्चा है कि अवैध वसूली का पता चलने पर ठेकेदार ने काम रोक दिया, ताकि जनता परेशान हो और निगम पर दबाव पड़े। जिसके बाद वे बेकसुर साबित हो जाए। इस अवैध वसूली के सबूत मिलने के बावजूद नगर निगम जोन-सी के एक्सियन मनप्रीत सिंह और जेई इकबाल सिंह द्वारा कोई एक्शन नहीं लिया। यहां तक कि अफसरों ने मौके पर आना भी जरुरी नहीं समझा।

लोगों को फोन पर मौके पर आने के दावे करते रहे, लेकिन कोई नहीं आया। हल्के के राजनेता को भी इसका पता होने के बावजूद उन्होंने कोई कार्रवाई नहीं की। ऐसे में अफसरों और नेताओं की चुपी बड़े सवाल खड़े कर रही है।



विश्वकर्मा कॉलोनी में काम अधूरा छोड़कर गए वर्कर

### शिकायत के बाद फिर मांगें पैसे

अवैध वसूली का खुलासा होने पर एक्शन न लेने के चलते ठेकेदार और उसके वर्करों को शह मिल गई और फिर पैसे मांगने लगे। उनका कहना है कि सरकार द्वारा डलवाई गई पाइप का कनेक्शन करने के भी पैसे लगेगें। जबकि कनेक्शन करना, होंदी तोड़ने पर उसे बनवाना और खुदाई के समय कोई भी पाइप टूटने पर सारा खर्च ठेकेदार को भरना होगा। क्योंकि इसके लिए सरकार द्वारा टेंडर में ठेकेदारों को अतिरिक्त पेमेंट की गई है। इलाका निवासियों ने आपसी सांझ बढ़ाते हुए कहा कि अगर मंगलवार तक उनके कनेक्शन नहीं किए गए, तो वे दोबारा ठेकेदार व उसके वर्करों को गली में नहीं आने देगें।

## 85 प्रतिशत नहरों का पानी घरों तक पहुंचने के दावे, फिर बिजली कट क्यों ?

लुधियाना/यूटर्न/6 जुलाई। पंजाब सरकार की और से दावा किया जा रहा है कि उनकी तरफ से खेतों और घरों तक 85 प्रतिशत तक नहरी पानी पहुंचा दिया है। यह पानी पूरे राज्य में पहुंचाने के दावे हैं। लेकिन लोगों में चर्चा है कि अगर नहरी पानी घरों और खेतों तक पहुंच गया है तो फिर बिजली कट क्यों लग रहे हैं। इससे तो बिजली कटौती होनी चाहिए थी। लेकिन उसके उल्ट कट ज्यादा लगने शुरू हो गए। जिससे इंडस्ट्री को पर्याप्त बिजली सप्लाई नहीं मिल पा रही और इंडस्ट्री परेशान हो चुकी है। यहां तक कि लुधियाना कि अलग अलग इंडस्ट्रियल यूनिटों के मालिकों द्वारा पिछले दिनों पावरकॉम चीफ इंजीनियर जगदेव सिंह हांस से मुलाकात की थी। जहां उन्होंने बिजली सप्लाई की समस्याओं संबंधी मांग उठाई थी।



### *इंडस्ट्री बंद होने की कगार पर पहुंची*

*होजरी, डाइंग, ऑटो पॉट्स, साइकिल पॉट्स, आयरन-स्टील, जिंक प्लेटिंग समेत तमाम इंडस्ट्रियल सेक्टर द्वारा अपना रोष व्यक्त किया जा रहा है। उनका कहना है कि दिन में 14-16 घंटे बिजली कट लगते हैं। जिससे फैक्ट्रियां चलनी बंद हो गई है। पहले किसानों को मोटरें चलाकर पानी लाना पड़ता था। अब अगर नहरी पानी सीधे आ रहा है तो मोटरें न चलने से बिजली खपत कम होनी चाहिए। लेकिन यहां उल्ट बढ़ रही है।*




# LWMA विंटर एग्जीबिशन में कारोबार को मिली नई रफ्तार, दूसरे दिन 2 हजार से अधिक विजिटर्स पहुंचे

## बड़े पैमाने पर मिले बुकिंग ऑर्डर्स : संजू धीर
















लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। लुधियाना वूलन मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (LWMA) द्वारा होटल हयात में आयोजित 11वीं विंटर गारमेंट्स एग्जीबिशन कारोबार के लिहाज से लगातार सकारात्मक संकेत दे रही है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन तक 2 हजार से अधिक व्यापारिक विजिटर्स पहुंच चुके हैं। देशभर के प्रमुख थोक व्यापारियों और रिटेल बायर्स ने विभिन्न स्टॉलों का दौरा कर विंटर सीजन के लिए बड़े पैमाने पर बुकिंग और ऑर्डर दिए।

प्रदर्शनी में तमिलनाडु, गुजरात, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, केरल, गोवा, जम्मू, लद्दाख सहित कई राज्यों से आए बायर्स ने नए डिजाइन, प्रीमियम फैब्रिक और लेटेस्ट विंटर कलेक्शन में विशेष रुचि दिखाई। दिल्ली गांधी नगर के प्रमुख व्यापारी गगनदीप सिंह और कानपुर रिटेल मार्केट के प्रधान विजय गुप्ता उर्फ गोरे भइया भी अपनी टीम के साथ प्रदर्शनी में पहुंचे और विभिन्न ब्रांड्स के उत्पादों का अवलोकन किया।









**प्रदर्शनी को राष्ट्रीय बाजार में मिली नई पहचान : दर्शन डाबर...**LWMA के प्रधान दर्शन डाबर ने कहा कि इस वर्ष प्रदर्शनी को देशभर से अपेक्षा से अधिक व्यावसायिक प्रतिक्रिया मिल रही है। उन्होंने कहा कि लुधियाना का होजरी उद्योग लगातार इनोवेशन और गुणवत्ता के दम पर राष्ट्रीय बाजार में अपनी मजबूत पहचान बना रहा है। ऐसे प्लेटफॉर्म निमार्ताओं और खरीदारों के बीच सीधे व्यापारिक संबंध स्थापित करने के साथ-साथ नए बाजारों तक पहुंच बनाने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

**हर पल बदल रहा फैशन : लवली धीर...**महासचिव संदीप धीर लवली ने बताया कि इस बार 100 से अधिक निमार्ता अपने नवीनतम विंटर कलेक्शन के साथ प्रदर्शनी में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा वर्तमान समय में मैन्युफैक्चर्स को समझना होगा की हर पल फैशन बदल रहा है नए यार्न, आधुनिक फैब्रिक, अंतरराष्ट्रीय ट्रेंड के अनुरूप कलर पैलेट और प्रीमियम फिनिश वाले उत्पादों से ही खरीदारों की आशाओं को पूरा किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि बदलते फैशन ट्रेंड को देखते हुए निमार्ता इस बार कम्फर्ट, स्टाइल और वैल्यू फॉर मनी पर विशेष फोकस कर रहे हैं।

**प्रदर्शनी भविष्य की मार्केट रणनीति तय करने का मंच : अशोक सामा...**सीनियर वाइस प्रेजिडेंट अशोक सामा ने बताया कि प्रदर्शनी केवल उत्पाद प्रदर्शन का मंच नहीं, बल्कि नेटवर्किंग, नए व्यापारिक सहयोग और भविष्य की मार्केट रणनीति तय करने का



भी महत्वपूर्ण अवसर बन चुकी है। जिन कारोबारियों ने अतरिक्त मेहनत की है उन्हें उम्मीद अनुसार फल मिला है अच्छी बुकिंग के चलते आगामी विंटर सीजन के कारोबार को लेकर उद्योग में सकारात्मक माहौल बना है। प्रदर्शनी के दूसरे दिन भाजपा नेता हरकेश मित्तल, राशि अग्रवाल सहित कई गणमान्य लोगों ने भी विभिन्न स्टॉलों का दौरा कर उद्यमियों का उत्साहवर्धन किया। उद्योग जगत का मानना है कि इस तरह के आयोजन लुधियाना के होजरी सेक्टर को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि वैश्विक बाजार में भी नई पहचान दिलाने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

# सतलुजः जितना ज्यादा आप बैन करेंगे, लोग उतना ही ज्यादा देखेंगे



संदीप शर्मा, सम्पादक

रिलीज होने के सिर्फ 48 घंटे बाद ही ओटीटी प्लेटफॉर्म से सतलुज मूवी को अचानक हटाए जाने से भारत की सबसे पुरानी बहसों में से एक फिर से शुरू हो गई है: क्या सेंसरशिप के जरिए मुश्किल इतिहास को संभाला जा सकता है? सरकार की चिंता यह है कि फि ल्म के कुछ हिस्सों का इस्तेमाल भारत-विरोधी और खालिस्तान-समर्थक गुट कर सकते हैं, खासकर पंजाब में चुनावों से पहले। इस चिंता को हल्के में नहीं लिया जा सकता। भारत ने उग्रवाद की भारी कीमत चुकाई है और कोई भी ज़िम्मेदार सरकार राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े असली खतरों को नजरअंदाज नहीं कर सकती। फिर भी, एक और जरूरी सवाल है: क्या किसी फि ल्म को दबाने से देश का पक्ष मजबूत होता है या कमजोर?

मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालरा की ज़िंदगी पर आधारित सतलुज फि ल्म पंजाब के सबसे काले दौर उग्रवाद, लोगों के गायब होने और कथित तौर पर बिना कानूनी प्रक्रिया के हत्याओं (एक्स्ट्रा-ज्यूडिशियल किलिंग) की कहानी कहती है। यह इतिहास दर्दनाक है, इसलिए इसे प्रशासनिक तौर पर मिटाने के बजाय इस पर समझदारी से बात करने की जरूरत है। लोकतंत्र की पहचान मुश्किल इतिहास के न होने से नहीं, बल्कि उसका सामना करने की इच्छाशक्ति से होती है। जर्मनी नाजीवाद पर चर्चा को नहीं मिटाता। दक्षिण अफ्रीका ने रंगभेद को आधिकारिक चुप्पी के नीचे नहीं दबाया। इसके बजाय, समाज जख्मों को स्वीकार करके और उन्हें हथियार बनाने की कोशिशों को नकार कर ही उबरता है। पंजाब की कहानी भी ऐसी ही है।

राज्य ने एक साथ दो क्रूर सच्चाइयों का सामना किया। एक तरफ, भारत को तोड़ने की कोशिश करने वाले आतंकवादियों ने हजारों बेगुनाह नागरिकों, पुलिसकर्मियों और सरकारी कर्मचारियों की हत्या कर दी। दूसरी तरफ, उग्रवाद-विरोधी अभियानों के दौरान मानवाधिकारों के उल्लंघन के दस्तावेजी आरोप भी लगे हैं। एक सच्चाई को मानने का मतलब दूसरी सच्चाई को नकारना नहीं है। समझदार समाज दोनों सच्चाइयों को एक साथ समझने की क्षमता रखते हैं। यहीं पर मौजूदा विवाद चिंताजनक हो जाता है। अगर सतलुज मूवी कई स्तरों की जांच से गुजर चुकी थी, उसमें बदलाव किए गए थे और आखिरकार उसे स्ट्रीम करने की मंजूरी मिल गई थी, तो उसे हटाने से संस्थागत फैसला लेने की प्रक्रिया पर भरोसे के बजाय अनिश्चितता का माहौल बनता है। नागरिक स्वाभाविक रूप से पूछते हैं: 48 घंटों में क्या बदल गया? क्या कोई नई खुफिया जानकारी मिली थी? क्या कुछ सीन आपत्तिजनक पाए गए थे? या क्या पहले दी गई मंजूरी पर राजनीतिक संवेदनशीलता हावी हो गई? पारदर्शिता न होने पर अटकलें लगनी ही हैं। विडंबना यह है कि फि ल्म को हटाने से शायद वही हुआ जिससे सरकारें अक्सर बचना चाहती हैं। एक कम जानी-मानी फि ल्म अब राष्ट्रीय चर्चा का विषय बन गई है। आज का पंजाब 1980 और 1990 के दशक की शुरूआत वाले पंजाब से बहुत अलग है। एक पूरी पीढ़ी ऐसी है जिसने आतंकवाद की भयावहता को नहीं देखा है। उन्हें सिनेमा से दूर रखने से इतिहास नहीं मिटेगा; इससे वे बस सोशल मीडिया पर चल रही एकतरफा बातों के प्रति संवेदनशील हो जाएंगे।

फि ल्में इतिहास को दिखाने का कोई सटीक जरिया नहीं हैं। वे घटनाओं को छोटा कर देती हैं, किरदारों को नाटकीय बनाती हैं और बारीकियों के बजाय भावनाओं को ज्यादा अहमियत देती हैं। इसका जवाब हमेशा पाबंदी लगाना नहीं, बल्कि बेहतर खुली बहस और अलग-अलग नजरिए को सामने लाना होना चाहिए। इसलिए, भारत के सामने 'सतलुज' से भी बड़ा सवाल है। सवाल यह है कि क्या भारत को लगता है कि उसके लोग इतने समझदार हैं कि वे अतीत का सामना कर सकें, बिना उसके कैदी बने? क्या इस सवाल का जवाब पूरी ईमानदारी से दिया जा सकता है?




पेज 06 रथयात्रा ही कलियुग में भगवान को पाने का...


# पंजाब सरकार की नई लैंड पूलिंग नीति : किसानों को बड़ा फायदा या विकास का नया मॉडल?

**बढ़ेगा विकसित प्लॉट का हिस्सा, स्टांप ड्यूटी में छूट, ट्यूबवेल कनेक्शन और विशेष एलओआई जैसी सुविधाएं ; आम लोगों को भी बेहतर शहरी विकास की उम्मीद**

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। पंजाब सरकार ने शहरी विकास को गति देने और भूमि अधिग्रहण से जुड़े विवादों को कम करने के उद्देश्य से लैंड पूलिंग पॉलिसी-2020 और ओस्टी पॉलिसी-2013 में व्यापक संशोधन किए हैं। नई अधिसूचना के अनुसार अब जीएमएडीए (GMADA) क्षेत्र में जमीन देने वाले किसानों को पहले की तुलना में अधिक विकसित प्लॉट, विशेष एलओआई (Special LOI), स्टांप ड्यूटी में राहत, ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन तथा अन्य सुविधाएं मिलेंगी। सरकार का दावा है कि इससे किसानों की भागीदारी बढ़ेगी, भूमि अधिग्रहण विवाद कम होंगे और योजनाबद्ध शहरी विकास को गति मिलेगी।


Government of Punjab
Department of Housing and Urban Development
(Housing-1 Branch)

Notification

No.H-U-H1/45/2025-6H1/1917 Date: 06/07/2026

The Government of Punjab has amended the Land Pooling Policy-2020 and the subsequent notification dated 21.11.2025 to provide more benefits to landowners/farmers and to promote well-planned urban development.

नई नीति के तहत एक एकड़ भूमि देने वाले किसानों को अब विकसित आवासीय प्लॉट का अधिकार 1600 वर्ग गज से बढ़ाकर 1630 वर्ग गज कर दिया गया है। वहीं व्यावसायिक प्लॉट का अधिकार भी 800 वर्ग गज से बढ़ाकर 840 वर्ग गज किया गया है। इसके अलावा, जिन किसानों की भूमि एक एकड़ से कम या पूर्ण गुणकों में नहीं है, उन्हें भी उनकी भूमि के अनुपात में स्पेशल एलओआई जारी की जाएगी, जिसे बाद में जोड़कर प्लॉट प्राप्त किया जा सकेगा।

सरकार ने पहली बार स्पेशल एलओआई को ट्रांसफरेबल (बेचने-खरीदने योग्य) बनाने का प्रावधान भी किया है।

यदि किसी व्यक्ति के पास निर्धारित आकार के बराबर स्पेशल एलओआई एकत्र हो जाते हैं, तो वह उन्हें जमा कर नियमित प्लॉट का एलओआई प्राप्त कर सकेगा। इसके अलावा, योजना शुरू होने के तीन वर्ष बाद शेष स्पेशल एलओआई को मूल योजना दर पर नकद मुआवजे में बदलने का विकल्प भी दिया गया है।

## स्टांप ड्यूटी में राहत और ट्यूबवेल कनेक्शन

नई व्यवस्था के तहत भूमि देने वाले किसानों को 'सहूलियत प्रमाणपत्र' जारी किया जाएगा। इसके माध्यम से मूल भूमि मालिक को विकसित प्लॉट के पंजीकरण पर स्टांप ड्यूटी से छूट मिलेगी। यदि किसान कहीं और भूमि खरीदना चाहता है तो भी निर्धारित सीमा तक स्टांप ड्यूटी में छूट का लाभ मिलेगा। इसके साथ ही चार वर्ष की अवधि तक प्राथमिकता के आधार पर एक ट्यूबवेल बिजली कनेक्शन देने का भी प्रावधान किया गया है।

## ओस्टी पॉलिसी में भी संशोधन

सरकार ने ओस्टी पॉलिसी-2013 में भी संशोधन करते हुए भूमि अधिग्रहण से प्रभावित परिवारों के लिए रियायती दर पर आवासीय प्लॉट की पात्रता बढ़ाई है। नई व्यवस्था के अनुसार एक एकड़ भूमि अधिग्रहित होने पर 200 वर्ग गज, 1 से 2.5 एकड़ तक 300 वर्ग गज तथा 2.5 एकड़ से अधिक भूमि पर 500 वर्ग गज का आवासीय प्लॉट आवंटित किया जाएगा। यह लाभ भूमि अधिग्रहण के उद्देश्य अथवा किसान द्वारा लैंड पूलिंग अथवा नकद मुआवजा चुनने से प्रभावित नहीं होगा।

# बिजनेसमैन की करोड़ों की पुश्तैनी संपत्ति पर कब्जे की कोशिश, मामला दर्ज

लुधियाना/यूटर्न/6 जुलाई। मॉडल टाउस स्थित करतार नगर में कुछ लोगों द्वारा मिलकर एक बिजनेसमैन की करोड़ों रुपये की पुश्तैनी संपत्ति पर अवैध कब्जा करने की कोशिश की। जबकि कोठी में पड़े सामान की तोड़फोड़ भी की। थाना मॉडल टाउन की पुलिस ने गुरु हरगोबिंद नगर निवासी गुरशरणजीत सिंह की शिकायत पर हरियाणा के फतेहाबाद के रहने वाले चरणजीत सिंह और उसके पांच अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपी की तलाश में रेड की। लेकिन वे मौके से फरार हो गया। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि वह बिजनेसमैन है। उनके परिवार और भाइयों के बच्चों का करतार नगर, मॉडल हाउस में 50 साल से




करीब 1600 गज में कोठी है। जिसकी कीमत करोड़ों रुपए है। यह उनकी पुश्तैनी जमीन है। जबकि वे खुद परिवार समेत हरगोबिंद नगर में रहता है। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि उन्होंने उक्त जमीन पर वर्कर भी रखे हुए हैं। जहां उनकी कारें और कीमती चीजें रखी हुई है। शिकायतकर्ता का आरोप है कि उक्त आरोपी चरणजीत सिंह ने अपने बाकी साथियों के साथ मिलकर जनवरी 2023 में जबरन उनकी कोठी में घुसकर कब्जा करने की कोशिश की और सामान चोरी कर लिया। जिसके चलते उन पर थाना मॉडल टाउन में चोरी के आरोप में मामला दर्ज हुआ। जिसके बाद अप्रैल 2026 में फिर से आरोपियों ने कोठी में कब्जा करने की कोशिश की। वहां पड़े सामान की तोड़फोड़ की। पड़ोसी और वर्करों ने इसकी जानकारी शिकायतकर्ता को दी।

## संगीत भी है बेहतर स्वास्थ्य की प्रभावी दवा : डा.संदीप पुरी

## तेज रफ्तार बाइक ने एक्टिवा को मारी टक्कर, सवार घायल

लालड़ु/यूटर्न/06 जुलाई। गांव खेड़ी जट्टां के पास तेज रफ्तार मोटरसाइकिल की टक्कर से एक्टिवा सवार एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद मोटरसाइकिल चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने अज्ञात चालक के खिलाफ केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। जांच अधिकारी एएसआई हरप्रीत सिंह ने बताया कि गांव मियांपुर निवासी बलवीर सिंह पुत्र रसाल सिंह ने पुलिस को दिए बयान में बताया कि 28 जून की रात करीब 10:30 बजे वह अपनी एक्टिवा नंबर पीबी-70के-4412 पर गांव समगौली से अपने गांव मियांपुर जा रहा था। जब वह गांव खेड़ी जट्टां के पास पहुंचा तो सामने से तेज रफ्तार व लापरवाही से आ रही स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल नंबर पीबी-27सी-9612 ने उसकी एक्टिवा को सीधी टक्कर मार दी।

# कर्ज और फाइनेंसरों की धमकियां से परेशान व्यक्ति ने खुद को लगाई आग, 70% झुलसा

लुधियाना/यूटर्न/6 जुलाई। कैलाश नगर इलाके में कर्ज लेकर फाइनेंसरों द्वारा परेशान करने के कारण एक व्यक्ति ने खुद को आग लगा ली। जिस कारण व्यक्ति बुरी तरह से झुलस गया। पीड़ित का शरीर 70 प्रतिशत तक जल चुका है। पीड़ित की पहचान 43 वर्षीय संजीव उर्फ मोनू के रूप में हुई है। पीड़ित को अस्पताल दाखिल कराया गया है, जहां उसकी हालत



गंभीर बनी हुई है। भाई अजय कुमार ने बताया कि मोनू ने कुछ लोगों से ब्याज पर लगभग 60 हजार रुपये का कर्ज लिया था। इस मामूली रकम के लिए पैसे देने वाले 4-5 फाइनेंसर लगातार संजीव को पैसे देने के लिए दबाव डाल रहे थे। लेकिन संजीव की आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उसने कुछ समय देने के लिए कहा। लेकिन फाइनेंसर उसे लगातार धमकाते रहे। रविवार को भी फाइनेंसर का फोन आया था और धमकियां दी। जिससे संजीव और परेशान हो गया। थोड़ी देर बाद अजय ऊपर कमरे में रोटी बनाने चला गया। इसी दौरान संजीव ने खुद को आग लगा ली। संजीव के चिलाने की आवाज सुनकर अजय भागकर नीचे आया तो संजीव बुरी तरह से झुलस रहा था। उसने किसी तरह लोगों की मदद से आग पर काबू पाया और उसे अस्पताल दाखिल कराया। चौकी कैलाश नगर की पुलिस मामले की जांच कर रही है।




# हरियाणा में वोटर वेरिफिकेशन अभियान तेज; 14 जुलाई से पहले भरें SIR फॉर्म, नहीं तो मतदाता सूची से कट सकता है नाम

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) अभियान तेजी से चल रहा है। अब तक राज्य के 1.99 करोड़ (96.43%) मतदाताओं को गणना प्रपत्र वितरित किए जा चुके हैं, जबकि 1.22 करोड़ (59.11%) हस्ताक्षरित प्रपत्र बीएलओ के माध्यम से प्राप्त कर ऑनलाइन अपलोड भी किए जा चुके हैं।

भारत निर्वाचन आयोग ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे 14 जुलाई से पहले अपना गणना प्रपत्र सही जानकारी के साथ भरकर संबंधित बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के पास जमा करें। मतदाताओं को प्रपत्र की दो प्रतियां दी गई हैं। एक प्रति भरकर बीएलओ को सौंपनी है,






जबकि दूसरी पर बीएलओ के हस्ताक्षर लेकर रसीद के रूप में अपने पास सुरक्षित रखना होगा।

निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट किया है कि 21 जुलाई को प्रकाशित होने वाली प्रारंभिक मतदाता सूची में केवल उन्हीं मतदाताओं के नाम शामिल किए जाएंगे, जिनके हस्ताक्षरित गणना प्रपत्र समय पर प्राप्त होंगे। निर्धारित तिथि तक फॉर्म जमा नहीं करने वाले मतदाताओं के नाम प्रारंभिक सूची में शामिल नहीं किए जाएंगे। मतदाता चाहें तो voters.eci.gov.in पोर्टल के माध्यम से भी ऑनलाइन गणना प्रपत्र भर सकते हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों से भी अपने बीएलए-2 के जरिए मतदाताओं को जागरूक कर अधिक से अधिक फॉर्म समय पर जमा कराने में सहयोग करने की अपील की है।

# हरियाणा हेल्थ सेक्टर में नई उड़ान, 17 मेडिकल कॉलेज और 2 नए AIIMS की सौगात

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (IMA) के कार्यक्रम में सोमवार को केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे.पी. नड्डा और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने डॉक्टरों को देश की स्वास्थ्य व्यवस्था की सबसे बड़ी ताकत बताया। दोनों नेताओं ने चिकित्सा क्षेत्र में हुए बदलावों का उल्लेख करते हुए डॉक्टरों से समाज में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की अपील की।




मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि ₹डॉक्टर एक दीपक की तरह होता है, जो स्वयं जलकर दूसरों के जीवन में रोशनी लाता है।₹ उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और हरियाणा में स्वास्थ्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार हुआ है। हर जिले में मेडिकल कॉलेज खोलना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 12 वर्षों में 17 मेडिकल कॉलेज शुरू किए गए हैं और अब हर साल 2,500 से अधिक डॉक्टर तैयार हो रहे हैं, जबकि 2014 से पहले यह संख्या करीब 700 थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के तहत हरियाणा में करीब 32 लाख लोगों को मुफ्त इलाज का लाभ मिला है। उन्होंने क्टअ की मांगों पर सकारात्मक विचार करने का भरोसा भी दिया।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने कहा कि भारत का स्वास्थ्य ढांचा लगातार मजबूत हो रहा है। उन्होंने बताया कि देशभर में 1.85 लाख आयुष्मान आरोग्य मंदिर संचालित किए जा रहे हैं और 42 करोड़ से अधिक लोगों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग की जा चुकी है।

इसमें ओरल कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, डायबिटीज, मानसिक स्वास्थ्य और अन्य गंभीर बीमारियों की जांच शामिल है।

नड्डा ने कहा कि देश में 23 नए AIIMS स्थापित किए जा रहे हैं, जिनमें दो हरियाणा को मिले हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना महामारी के दौरान भारत ने अपनी वैक्सीन विकसित कर दुनिया को भी उपलब्ध कराई और आज देश पोलियो मुक्त होने के साथ-साथ स्वास्थ्य सेवाओं में नई ऊंचाइयों को छू रहा है।

कार्यक्रम में भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता ने भी डॉक्टरों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि आयुष्मान भारत और चिरायु जैसी योजनाओं को सफल बनाने में चिकित्सकों की अहम भूमिका है। इस दौरान क्टअ प्रतिनिधियों ने केंद्रीय मंत्री और मुख्यमंत्री को अपनी मांगों का ज्ञापन भी सौंपा।

## गश्त के दौरान संदिग्ध युवक गिरफ्तार, कमानीदार चाकू बरामद; आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने असामाजिक तत्वों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत सेक्टर-31 थाना क्षेत्र से एक व्यक्ति को अवैध कमानीदार (बटनदार) चाकू के साथ गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर के निर्देश, एसपी सिटी के.एम. प्रियंका के मार्गदर्शन तथा एसडीपीओ साउथ गुरजीत कौर की निगरानी में सेक्टर-31 थाना प्रभारी इंस्पेक्टर हरिओम शर्मा के नेतृत्व में की गई।



पुलिस ने बताया कि 5 जुलाई की रात करीब 9:40 बजे एएसआई धर्मेंद्र अपनी टीम के साथ इंडस्ट्रियल एरिया फेज-2 स्थित प्लॉट नंबर 814 के पास गश्त कर रहे थे। इसी दौरान एक व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर अचानक मुड़कर तेजी से चलने लगा। संदेह होने पर पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान आरोपी की पैंट की दाहिनी जेब से एक कमानीदार (बटनदार) चाकू बरामद हुआ। आरोपी इसके संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी की पहचान राजीव अटवाल (35), निवासी दर्पण सिटी, खरड़ (मोहाली) के रूप में हुई। उसके खिलाफ थाना सेक्टर-31 में एफआईआर नंबर 106, दिनांक 5 जुलाई 2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं 25, 54 और 59 के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया। जांच के दौरान 6 जुलाई को उसे औपचारिक रूप से गिरफ्तार कर लिया गया।

# ड्रग विभाग के लिहाज से शहर में फैल रहा नकली दवाओं का कारोबार

अशोक सहगल

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। शहर में नकली दवाओं का कारोबार तेजी से फैल रहा है पड़ोसी राज्यों में दावों के दर्जन और सैंपल फेल हो चुके हैं और यह दवाएं बनकर पंजाब के हर जिले में आ रही है बताया जा रहा है कि लुधियाना की होलसेल दावा बाजार में संगठन के दबदबे के चलते ड्रग विभाग के अधिकारी यहां आकर लाचार हो जाते हैं कभी तो पुराने संबंधों का हवाला और कभी संगठन का जोर दिखाकर बिना बिल की दवाइयां के सैंपल लेने से रोका जाता है। सूत्रों के अनुसार नकली दवाएं ब्रांडेड दवाओं की नकल करके बनाई जा रही है जिनका बैच नम्बर और एक्सपायरी तिथि भी ब्रांडेड दवा के सामान लिख कर आ रही है। दावा बाजार की भाषा में इसे मिक्सिंग स्टॉक कहा जाता है यानी की नकली दवाएं ब्रांडेड दवाओं में मिलाकर बेची जा रही है ताकि किसी को पता न चले। इसकी बिक्री का एक कारण यह बताया जा रहा है कि ये दवाएं बाजार से काफी सस्ते दामों पर उपलब्ध रहती है। कई दवाएं नफे का कारोबार देखकर ऑर्डर पर भी बनवाई जा रही है।



## दवा प्रतिनिधि अदा कर सकते हैं विशेष भूमिका

दवा कम्पनियों के प्रतिनिधि नकली दवाओं को रोकने के लिए बेहतर भूमिका अदा कर सकते हैं, परंतु दवा कंपनियों का उनके प्रतिनिधियों की मांगों को लेकर छत्तीस का आंकड़ा बना रहता है अगर दवा कंपनी अच्छा है तो दवा प्रतिनिधियों को सक्रिय कर उनकी कंपनी के नाम पर बिक्री ही नकली दवाइयो का पता लगा सकती हैं जबकि ड्रग इंस्पैक्टरों के सहयोग से नकली दवाओं का पता लगाया जा सकता है परंतु अगर ड्रग विभाग के अधिकारी काफी समय से शहर में तैनात है तो उनका दवा कारोबारी से लिहाज डेवलप हो जाता है बाजार के सूत्रों ने बताया कि अगर कहीं बिना बिल का माल पकड़ा जाता है तो केमिस्ट एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने रसूक का इस्तेमाल करते हुए इनके सैंपल नहीं भरने देते और ना ही इन्हें जप्त करने देते हैं।

## हिमाचल में बनी दवाइयों के सैंपल फेल हो चुके

केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (उऊरउड) की जांच में देश में बनी 141 दवाओं के सैंपल फेल हो गए हैं। इनमें 46 दवाएं हिमाचल प्रदेश के बद्दी, बरोटीवाला, नालागढ़, कालाअब, ऊना, सोलन में बनी हैं। जिन दवाओं के सैंपल फेल हुए हैं, उनमें ज्यादातर दवाएं सिर दर्द, पेट दर्द, बीपी, शुगर, अल्सर, विभिन्न संक्रामक बीमारियों में इस्तेमाल होती हैं। साथ ही कैंसर और हार्ट रोग जैसी खतरनाक बीमारियों के दवाओं के सैंपल भी फेल पाए गए। CDSCO द्वारा जारी मार्च के ड्रग अलर्ट के अनुसार, गुणवत्ता जांच में फेल पाई गई इन दवाओं को 'नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी' (NSQ) घोषित किया गया। ड्रग कंट्रोलर ने संबंधित कंपनियों को नोटिस जारी कर स्टॉक वापस मंगवाने के आदेश जारी कर दिए हैं। जाहिर है कि यह दवाइयां पंजाब में भी बिकने के लिए आती होगी परंतु यहां पर नाम मात्र जांच होने के कारण यह दवाइयां यहां पकड़ में नहीं आई इसका कारण यह बताया जाता है कि ड्रग विभाग खानापूर्ति के नाम पर हर महीने सैंपल तो जांच के लिए भेजता है परंतु उसमें कोई ना तो फेल आता है और ना ही कोई नकली दवा सामने आती है।





पेज 12 मोदी दौरे से पहले धमकी, ऑस्ट्रेलियाई पुलिस...

# चंडीगढ़ में वेंडिंग जोन का जमीनी निरीक्षण, स्ट्रीट वेंडरों की समस्याएं सुनीं

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। नगर निगम चंडीगढ़ द्वारा गठित समिति ने सोमवार को शहर के विभिन्न निर्धारित वेंडिंग जोन का निरीक्षण कर वहां की जमीनी स्थिति का जायजा लिया। समिति का उद्देश्य टाउन वेंडिंग कमेटी (टीवीसी) के सदस्यों द्वारा उठाए गए मुद्दों और सुझावों का अध्ययन कर उनकी व्यवहारिकता का आकलन करना था। निरीक्षण का नेतृत्व नगर निगम के संयुक्त आयुक्त डॉ. हिमांशु गुप्ता ने किया। इस दौरान शहरी नियोजन विभाग, चंडीगढ़ ट्रैफिक पुलिस, इंजीनियरिंग विंग (बी एंड आर), प्रवर्तन शाखा, वेंडर सेल के अधिकारियों के साथ टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्य मुकेश गिरी, रविंदर सिंह, पवन कुमार और चंचल रानी भी मौजूद रहे।

समिति ने विभिन्न वेंडिंग जोन में उपलब्ध बुनियादी सुविधाओं, स्थान की उपलब्धता, यातायात व्यवस्था, पैदल यात्रियों की आवाजाही, पहुंच, सार्वजनिक सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्था का विस्तृत निरीक्षण किया। अधिकारियों ने वेंडिंग गतिविधियों में आ रही व्यावहारिक दिक्कतों का भी जायजा लिया और स्ट्रीट वेंडरों से बातचीत कर उनकी समस्याएं एवं सुझाव सुने। निरीक्षण के दौरान





वेंडिंग के लिए उपलब्ध स्थान की पर्याप्तता, पार्किंग व्यवस्था, प्रवर्तन से जुड़े मुद्दों तथा वेंडिंग जोन के बेहतर प्रबंधन पर विशेष रूप से चर्चा की गई, ताकि आम लोगों की सुविधा और यातायात व्यवस्था प्रभावित हुए बिना स्ट्रीट वेंडरों को बेहतर कार्यस्थल उपलब्ध कराया जा सके।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि यह निरीक्षण टाउन वेंडिंग कमेटी के सदस्यों द्वारा दिए गए अभ्यावेदनों की पारदर्शी और सहभागी तरीके से समीक्षा की प्रक्रिया का हिस्सा है। निरीक्षण के आधार पर समिति अपनी रिपोर्ट तैयार कर सक्षम प्राधिकारी को सौंपेगी, जिसके बाद आवश्यक निर्णय और कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम ने कहा कि स्ट्रीट वेंडर्स (प्रोटेक्शन ऑफ लाइवलीहुड एंड रेगुलेशन ऑफ स्ट्रीट वेंडिंग) अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के साथ-साथ स्ट्रीट वेंडरों की आजीविका और शहर में सुव्यवस्थित एवं नागरिक-अनुकूल सार्वजनिक स्थानों के बीच संतुलन बनाए रखना उसकी प्राथमिकता है।




## पीजीआई ट्रॉमा सेंटर में डॉक्टर से हाथापाई का आरोप, रेजिडेंट डॉक्टरों ने सुरक्षा पर उठाए सवाल

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। पीजीआई के एडवांस्ड ट्रॉमा सेंटर (एटीसी) में सोमवार सुबह ड्यूटी के दौरान एक सीनियर रेजिडेंट डॉक्टर के साथ मरीज के परिजनों द्वारा कथित मारपीट का मामला सामने आया है। घटना के बाद रेजिडेंट डॉक्टरों में रोष फैल गया और उन्होंने आरोपी परिजनों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। जानकारी के अनुसार, न्यूरोसर्जरी विभाग के सीनियर रेजिडेंट सुबह अपनी नियमित ड्यूटी पर थे।

## बारिश के बाद कीचड़ बना जानलेवा: ट्रक को ओवरटेक करते समय फिसली बाइक, रिटायर्ड सुपरिंटेंडेंट की मौत

मोहाली। बारिश के बाद सड़क पर जमा कीचड़ सोमवार को एक परिवार के लिए जानलेवा साबित हुआ। जुझार नगर के पास ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान बाइक फिसलने से पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज (पीईसी) के रिटायर्ड सुपरिंटेंडेंट दौलत राम सैनी (75) की ट्रक की चपेट में आने से मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी कृष्णा देवी गंभीर रूप से घायल हो गईं।

जानकारी के अनुसार दंपती सेक्टर-39 वेस्ट से बाइक पर अपने घर लौट रहे थे। घर से कुछ ही दूरी पर जुझार नगर के पास सड़क पर बारिश के कारण कीचड़ जमा था। इसी दौरान उन्होंने आगे चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई और दोनों सड़क पर गिर पड़े।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, गिरते ही दौलत राम ट्रक के पिछले पहिए की चपेट में आ गए। टायर उनके ऊपर से गुजर गया, जिससे



उनकी मौके पर ही मौत हो गई। वहीं पीछे बैठीं कृष्णा देवी की टांग भी ट्रक की चपेट में आ गई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। राहगीरों ने तुरंत एंबुलेंस और पुलिस को सूचना दी तथा दोनों को फेज-6 सिविल अस्पताल पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने दौलत राम को मृत घोषित कर दिया, जबकि प्राथमिक उपचार के बाद कृष्णा देवी को गंभीर हालत में पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया गया। थाना बलौंगी के एसएचओ पैरी विंकल ग्रेवाल ने बताया कि पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक और बाइक को कब्जे में ले लिया है।






यूटर्न टाइम

# रथयात्रा ही कलियुग में भगवान को पाने का सबसे सरल और उत्तम साधन : गुरदेव शर्मा देबी

## भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महानगर में भक्ति व शक्ति का अनुपम संगम : राजेश ढांडा, महानगर फिर भक्ति के रंग में रंगने के लिए तैयार : संजीव सूद बांका

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। इस्कॉन एवं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव कमेटी द्वारा पिछले 29 वर्षों से महानगर में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा का भव्य आयोजन कर श्रद्धालुओं को भगवान की भक्ति से जोडऩे का कार्य किया जा रहा है। इस वर्ष 30वीं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा 16 जुलाई वीरवार को श्री दुर्गा माता मंदिर, जगराओं पुल से सायं 4 बजे पूरे धार्मिक उत्साह एवं भव्यता के साथ निकाली जाएगी। रथयात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलदेव एवं बहन सुभद्रा के दिव्य रथ के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त करेंगे।

रथयात्रा के प्रचार-प्रसार तथा अधिक से अधिक लोगों को इस आध्यात्मिक महोत्सव से जोडऩे के उद्देश्य से महानगर के विभिन्न क्षेत्रों में बैठकों, जनसंपर्क अभियानों एवं निमंत्रण कार्यक्रमों का सिलसिला लगातार जारी है। इस मौके परम जगन्नाथ सेवक एवं पंजाब भाजपा कोषाध्यक्ष गुरदेव शर्मा देबी ने कहा कि भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा कलयुग में भगवान को पाने का सबसे सरल, सहज और उत्तम साधन









है। रथयात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि भक्ति, सेवा, प्रेम और समर्पण का विराट पर्व है।कमेटी के चेयरमैन राजेश ढांडा एवं प्रधान सतीश गुप्ता ने कहा कि रथयात्रा में विभिन्न संकीर्तन मंडलियां महामंत्र का सामूहिक संकीर्तन करेंगी तथा श्रद्धालु श्रील प्रभुपाद द्वारा बताए गए भक्ति मार्ग का अनुसरण करते हुए भगवान के नाम का गुणगान करेंगे। उन्होंने कहा कि भगवान जगन्नाथ रथयात्रा महानगर में भक्ति व शक्ति का अनुपम संगम है, जो समाज में प्रेम, सद्भाव, एकता एवं भाईचारे का संदेश देती है। कमेटी के महासचिव एडवोकेट संजीव सूद बांका ने बताया कि रथयात्रा की सभी तैयारियां अंतिम चरण में हैं। रथ की सजावट, संकीर्तन मंडलियों, प्रसाद वितरण, सुरक्षा व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक प्रबंधों को लेकर समितियां पूरी सक्रियता से कार्य कर रही हैं। उन्होंने कहा कि महानगर के श्रद्धालु भगवान जगन्नाथ, बलदेव एवं सुभद्रा जी के दिव्य आगमन को लेकर अत्यंत उत्साहित हैं तथा पूरा शहर एक बार फिर भक्ति के रंग में रंगने के लिए तैयार है।

**भगवान जगन्नाथ जी भक्तों को दर्शन देने के लिए स्वयं आते हैं मंदिर से बाहर :** अशोक मल्होत्रा

अशोक मल्होत्रा ग्रुप के अशोक मल्होत्रा ने कहा कि भगवान जगन्नाथ जी स्वयं अपने भक्तों को दर्शन देने के लिए मंदिर से बाहर निकलते हैं, जिससे प्रत्येक व्यक्ति बिना किसी भेदभाव के उनके दिव्य स्वरूप का दर्शन कर आध्यात्मिक लाभ प्राप्त कर सकता है।

**रथयात्रा में भगवान के पावन रथ की रस्सी खींचने से आती है जीवन में सुख-शांति : पार्षद प्रदीप शर्मा गैबी...**पार्षद प्रदीप शर्मा गैबी तथा संदीप शर्मा ने कहा कि रथयात्रा में श्रद्धा के साथ शामिल होकर भगवान के पावन रथ की रस्सी खींचने एवं हरिनाम संकीर्तन में भाग लेने से मनुष्य के जीवन में सुख, शांति और आध्यात्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त होता है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष आयोजित होने वाली 30वीं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा ऐतिहासिक एवं आनंदमयी होगी।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### जैन धर्म के ऋणानुबंध और निर्जरा सिद्धांत हमें बुरे कर्मों से बचाने की सीख देते हैं।

जैन धर्म के अनुसार प्रत्येक जीव अपने कर्मों का स्वयं निमार्ता है। हमारे अच्छे और बुरे कर्म ही भविष्य में हमारे सुख-दुःख, संबंधों तथा जीवन की परिस्थितियों का कारण बनते हैं। ऋणानुबंध का अर्थ है कर्मों के कारण बनने वाला आपसी संबंध। जिन लोगों से हमारा गहरा प्रेम, द्वेष, सहायता या संघर्ष होता है, वे पिछले जन्मों के कर्मों के कारण हमारे जीवन से जुड़े होते हैं। इसलिए हमें सभी के प्रति प्रेम, क्षमा और करुणा का व्यवहार रखना चाहिए। निर्जरा का अर्थ है बंधे हुए कर्मों का क्षय या नाश। जब मनुष्य तप, संयम, ध्यान, स्वाध्याय, क्षमा और सदाचार का पालन करता है, तब उसके पुराने कर्म धीरे-धीरे समाप्त होने लगते हैं। यही प्रक्रिया आत्मा को शुद्ध बनाती है और मोक्ष की ओर ले जाती है। उदाहरण के लिए, यदि किसी व्यक्ति ने पिछले जन्म में किसी की सहायता की थी, तो वर्तमान जन्म में वही व्यक्ति कठिन समय में उसकी सहायता कर सकता है। यह ऋणानुबंध का परिणाम है। दूसरी ओर, यदि कोई व्यक्ति अपने साथ बुरा व्यवहार करने वाले को भी क्षमा कर देता है और क्रोध नहीं करता, तो वह नए कर्मों का बंधन कम करता है तथा पुराने कर्मों की निर्जरा करता है। केवल जैन धर्म ही नहीं हर धर्म के सिद्धांत हमें किसी न किसी तरह इसी राह पर चलना सिखाते हैं और हमें समझाते हैं कि हमारे कर्म ही हमारे भविष्य और संबंधों को आकार देते हैं। इसलिए सदैव सत्य, अहिंसा, क्षमा और संयम का पालन करना ही श्रेष्ठ जीवन का मार्ग है।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

### क्या शादी के बाद पत्नी अपने माता-पिता की संपत्ति में अधिकार खो देती है?



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

यह एक बहुत सामान्य गलतफहमी है कि विवाह के बाद बेटी का अपने माता-पिता की संपत्ति पर अधिकार समाप्त हो जाता है। लेकिन भारतीय कानून की स्थिति इससे अलग है। विवाह के बाद भी बेटी अपने माता-पिता की संतान रहती है। केवल शादी हो जाने से उसके उत्तराधिकार (Succession) के अधिकार समाप्त नहीं होते।

यदि माता-पिता की संपत्ति पैतृक (Ancestral) या स्वयं अर्जित (Self-Acquired) है, तो उस पर अधिकार संबंधित उत्तराधिकार कानूनों के अनुसार तय होते हैं। विवाह का इससे कोई सीधा संबंध नहीं है।

विशेष रूप से, हिंदू उत्तराधिकार कानून के अनुसार बेटी को भी पुत्र के समान अधिकार प्राप्त हैं। विवाह के बाद भी वह अपने वैधानिक अधिकारों से वंचित नहीं होती। हालांकि, यदि माता-पिता ने अपनी स्वयं अर्जित संपत्ति के संबंध में वैध Will (वसीयत) बनाई है, तो संपत्ति का वितरण उस Will के अनुसार हो सकता है।

कई लोग आज भी यह मानते हैं कि शादी के बाद बेटी का अपने मायके की संपत्ति से कोई संबंध नहीं रहता, जबकि कानून ऐसा नहीं कहता। यह भी ध्यान रखना चाहिए कि उत्तराधिकार का प्रश्न प्रत्येक मामले में लागू व्यक्तिगत कानून, संपत्ति की प्रकृति और उपलब्ध दस्तावेजों पर निर्भर करता है।

निष्कर्ष: शादी के बाद भी बेटी अपने माता-पिता की संपत्ति में कानून द्वारा दिए गए अधिकार नहीं खोती। विवाह किसी महिला के वैधानिक उत्तराधिकार अधिकारों को समाप्त नहीं करता।

# भगवान उनकी सहायता करता है जो अपनी सहायता आप करते है - संत अश्वनी बेदी महाराज





















लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। लुधियाना सत्संग, श्री राम शरणम, श्री राम पार्क में रविवार साप्ताहिक सत्संग में प्रमुख, संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने कहा कि हानि, लाभ, निंदा, प्रशंसा, मान अपमान से ऊपर उठकर अपने सभी कर्तव्य कर्म परमेश्वर श्री राम आगे अर्पण करके करें। संत बेदी जी ने कहा कि गीता के छठे अध्याय में भगवान श्री कृष्ण का उपदेश है कि जिसने अपना आत्मा जीत लिया है ऐसे सर्वथा शांत मनुष्य का ऊँचा आत्मा शीत, उष्ण, सुख-दुख में तथा मान अपमान में समभाव में बना रहता है अथवा ऐसे



जन के अन्तः करण में परमात्मा विराजमान होता है। संत बेदी जी ने कहा कि भगवान उनकी सहायता करता है जो अपनी सहायता आप करते है। संसार की भी यही रीत है कि जो अपनी सहायता स्वयं करता है उसकी सहायता सारा संसार करता है। जो अपने पैरों पर खड़ा नही होता उस पर संसार हंसा करता है और उसे नादान समझता है ।

# सुधीर महाजन बने द आर्ट ऑफ लिविंग पंजाब की एपेक्स बॉडी के सदस्य

मनोज माटा

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। द आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर, 64-आर, मॉडल टाउन में परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की असीम कृपा से सम्मान समारोह एवं सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर परें सुधीर महाजन जी को द आर्ट ऑफ लिविंग, पंजाब की पंजाब एपेक्स बॉडी का सदस्य नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने



संबोधन में कहा कि यह दायित्व उनके लिए गुरुदेव की कृपा और सेवा का एक पावन अवसर है। उन्होंने पूर्ण समर्पण, विनम्रता और निष्ठा के साथ पंजाब में सेवा, साधना एवं सत्संग को और अधिक सशक्त बनाने तथा गुरुदेव के प्रेम, शांति और मानवीय मूल्यों के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित साधकों एवं वरिष्ठ स्वयंसेवकों ने भी पंजाब एपेक्स बॉडी को पूर्ण सहयोग देने तथा सेवा, साधना और सत्संग के माध्यम से मानव मूल्यों के प्रसार में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया।

समारोह के दौरान श्रीमती पूनम अनेजा जी को स्टेट टीचर कोआर्डिनेटर का दायित्व मिलने पर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक प्रार्थना एवं सत्संग के साथ हुआ।

इस अवसर पर प्रदीप चौधरी, श्रीमती सुनैना चौधरी, श्रीमती रजनी चावला, स्वपन पूरी, विजय मल्होत्रा,राजिंदर गोयल, पुनीत सूद, परवीन मल्होत्रा, श्रीमती प्रीति जैन, बांके बिहारी जी, अमित शारदा, अमित भसीन,प्रकाश वात्स्यन, मीनाक्षी, नंदिनी महाजन ,शिव कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

## अमरनाथ यात्रा में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधाओं पर SABLO ने उठाए सवाल, श्राइन बोर्ड से तत्काल सुधार की मांग

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। श्री अमरनाथ बर्फानी लंगर्स ऑर्गेनाईजेशन (SABLO) ने अमरनाथ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को कथित रूप से हो रही परेशानियों पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड, नागरिक प्रशासन और पुलिस से तत्काल प्रभावी कदम उठाने की मांग की है। संगठन ने कहा कि यात्रा मार्ग और विभिन्न ट्रांजिट प्वाइंट्स, विशेषकर जम्मू, बालटाल और नुनवान बेस कैंपों पर श्रद्धालुओं को लंबे समय तक इंतजार करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

संगठन के अध्यक्ष राजन गुप्ता ने बताया कि सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो, समाचार रिपोर्टों और श्रद्धालुओं से प्राप्त सूचनाओं के अनुसार कई स्थानों पर यात्रियों को 24 से 48 घंटे या



उससे अधिक समय तक रुकना पड़ा। इस दौरान भोजन, स्वच्छ पेयजल, शौचालय, स्नानघर, चिकित्सा सहायता और अस्थायी आवास जैसी बुनियादी सुविधाओं की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने की शिकायतें सामने आई हैं।

कुछ रिपोर्टों में श्रद्धालुओं पर लाठीचार्ज और सख्ती बरतने के आरोप भी लगाए गए हैं, जिन्हें संगठन ने बेहद दुर्भाग्यपूर्ण बताया है।

## श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाशोत्सव को समर्पित ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया



सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। मीरी पीरी के मालिक श्री गुरु हरगोबिंद साहिब जी के प्रकाशोत्सव और श्री अकाल तख्त साहिब जी के स्थापना दिवस को समर्पित, मानवता की भलाई के लिए, भाई घनैया जी मिशन सेवा सोसाइटी (रजिस्टर्ड) के चीफ सेवादार जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा की देखरेख में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, न्यू सुभाष नगर में 901वां महान ब्लड डोनेशन कैंप लगाया गया। इस मौके पर पंथ के मशहूर कथावाचक ज्ञानी सरबजीत सिंह लुधियाना जी ने अपने बेटे कंवलनैन सिंह के साथ मिलकर ब्लड डोनेशन करके कैंप की शुरूआत की और भक्तों को संदेश दिया कि तीन महीने के अंतराल पर एक यूनिट ब्लड डोनेट करने से शरीर में कोई कमजोरी नहीं आती, एक यूनिट ब्लड डोनेशन से तीन कीमती इंसानी जानें बचाई जा सकती हैं। ब्लड डोनेशन पुण्य और दान का एक बड़ा काम है। इस समय पंथ के महान कीर्तनिया भाई गुरमिंदर सिंह लाल जी, जत्थेदार तरनजीत सिंह निमाणा ने खून दान करने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट और निशान देकर सम्मानित किया।

## बाइक सवार युवकों ने पेट्रोल डालकर मस्जिद के बाहर दुकान फूंकी, कई धार्मिक किताबें जलीं

लुधियाना/यूटर्न/6 जुलाई। न्यू शिवपुरी के संतोख नगर में केंद्रीय सुन्नी नूरी जामा मस्जिद परिसर के बाहर बनी दुकान को बाइक सवार युवकों ने आ आग लगा दी।



सीसीटीवी कैमरे में कैद हुए बदमाश

बताया जा रहा है कि पेट्रोल डालकर दुकान को आग लगाई गई। जिससे धार्मिक पुस्तकें और सामान जल गया। घटना का सीसीटीवी फुटेज सामने आया है। जिसमें तीन युवक बाइक पर सवार होकर आत दिखे। इसमें से एक युवक ने बाइक से उतर कर दुकान के बाहर पेट्रोल छिड़का, इसके बाद आग लगा दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना के बाद वहां पर कोई मौजूद नहीं था। थाना दरेसी पुलिस ने अब्दुल रज्जाक की शिकायत पर अज्ञात आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी शिकायत में अब्दुल रज्जाक ने बताया कि वे मस्जिद का किरायेदार है और सेवादार भी हैं। उसने बताया कि मस्जिद की ओर से उन्हें एक दुकान दी गई थी। इस दुकान में वह मुस्लिम धर्म से जुड़ी किताबें और मस्जिद में इस्तेमाल होने वाला सामान बेचते थे। शिकायत के अनुसार, 4 जुलाई की रात उन्हें गली से शोर सुनाई दिया। बाहर निकलकर देखा तो उनकी दुकान में आग लगी हुई थी। आसपास के लोग आग बुझाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन तब तक दुकान में रखा काफी सामान जल चुका था। अब्दुल रज्जाक ने बताया कि आग में धार्मिक पुस्तकें और अन्य सामान पूरी तरह जल गई।

# लुधियाना रेलवे स्टेशन पर रेल वन ऐप से टिकट खरीदने को लेकर यात्रियों को किया गया जागरूक

सुनील पांडेय

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। रेलयात्रियों की सुविधा एवं डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज लुधियाना, रेलवे स्टेशन पर 'रेल वन ऐप' के माध्यम से टिकट खरीदने को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आज स्टेशन परिसर में बैनर एवं स्टैंडी लगाकर यात्रियों को 'रेल वन ऐप' के लाभों से अवगत कराया गया। मौके पर इन स्टेशनों पर लगभग 100 से अधिक यात्रियों के मोबाइल फोन में 'रेल वन ऐप' इंस्टॉल कराया गया। यात्रियों को बताया गया कि इस ऐप के माध्यम से अनारक्षित टिकट खरीदने पर 3 प्रतिशत का छूट मिलता है, टिकट काउंटर पर लंबी कतार से छुटकारा मिलता है, सभी




लेन-देन पूर्णत: ऑनलाइन होते हैं और खुले पैसों की कोई समस्या नहीं रहती। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने बताया कि फिरोजपुर मंडल का लक्ष्य है कि डिजिटल सेवाओं के माध्यम से यात्रियों को सरल, सुगम एवं सुरक्षित सेवाएं प्रदान की जाएं। ह्यरेलवनह्व ऐप इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो रेलयात्रियों के लिए एक डिजिटल साथी के रूप में कार्य कर रहा हैंकइस सुविधा के तहत यात्रियों को कई लाभ प्राप्त होते हैं, जिनमें छुट्टे पैसे रखने की झंझट से मुक्ति, 3 प्रतिशत की छूट, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय पहल तथा कतारों में लगने की आवश्यकता नहीं होगी।




# पंजाब कांग्रेस में सब एक हुए, बस राजा पड़ा अकेला

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी (AICC) के पंजाब के इंचार्ज जनरल सेक्रेटरी भूपेश बघेल के लुधियाना पहुंचने से कुछ घंटे पहले, पंजाब कांग्रेस के सीनियर नेताओं ने अमरिंदर राजा वारिंग को पंजाब प्रदेश कांग्रेस कमेटी (PPCC) का चीफ बनाए रखने का कड़ा विरोध करने के लिए एक साथ आ गए हैं। सोमवार को मोहाली में हुई एक मीटिंग में, नेताओं ने वारिंग का खुलकर विरोध करने का फैसला किया। मीटिंग के तुरंत बाद, उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक ग्रुप फोटो शेयर की।



पिछले दो दिनों में, सुखजिंदर सिंह रंधावा, प्रताप सिंह बाजवा, चरणजीत सिंह चन्नी और परगट सिंह समेत सीनियर नेताओं ने वारिंग के खिलाफ एक साथ मोर्चा बनाने के लिए कई मीटिंग की हैं। ह्लइससे पहले, रंधावा, परगट सिंह और प्रताप बाजवा जैसे नेताओं ने चन्नी के मोरिंडा घर पर शक्ति प्रदर्शन में हिस्सा नहीं लिया था। अब, पार्टी हाईकमान को एक साफ और साफ मैसेज देने के लिए एक जॉइंट टीम बनाई जा रही है। हम वारिंग को छोड़कर किसी को भी ढढउउ चीफ के तौर पर स्वीकार करने को तैयार हैं,ह्व पार्टी के एक सीनियर नेता ने कहा।

मीटिंग के तुरंत बाद, पंजाब कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें कहा गया कि पार्टी की इलेक्शन कमेटियों के अलग-अलग हेड्स ने ऑर्गनाइजेशन को मजबूत करने पर चर्चा करने के लिए मीटिंग की थी। जवाब में, PPCC चीफ अमरिंदर राजा वारिंग ने भी अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उसी मीटिंग की तस्वीरें शेयर कीं। हालांकि, वारिंग खुद ग्रुप पिक्चर से साफ तौर पर गायब थे, जिससे स्टेट यूनिट के अंदर बढ़ते मतभेद की अटकलों को और हवा मिली।

वारिंग ने इसे पंजाब असेंबली इलेक्शन के लिए पार्टी की स्ट्रैटेजी पर चर्चा करने के लिए एक मीटिंग बताया, और कहा कि यह ₹किसी कैंप की मीटिंग नहीं थी₹। उनका बयान पंजाब कांग्रेस में सब ठीक होने का मैसेज देने और स्टेट यूनिट में गुटबाजी की अटकलों को दूर करने की कोशिश लग रही थी।

मीडिया से बात करते हुए, पंजाब कांग्रेस प्रेसिडेंट अमरिंदर सिंह राजा वारिंग ने कहा, ₹चरणजीत सिंह चन्नी ने सिर्फ. अपनी फोटो शेयर की है और बताया है कि यह मीटिंग मोरिंडा में हुई पिछली मीटिंग का ही अगला हिस्सा थी। वह मीटिंग किसी के खिलाफ नहीं थी। क्योंकि हमारे सीनियर लीडर, चरणजीत सिंह चन्नी को कैंपेन कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है, इसलिए कई लीडर उनका स्वागत करने और उनसे मिलने वहां गए थे। जो लोग नहीं आ सके, वे आने वाले दिनों में आ सकते हैं। प्लीज मोरिंडा मीटिंग को बढ़ा-चढ़ाकर न बताएं।₹ पिछले तीन दिनों में वारिंग के खिलाफ यह दूसरा पब्लिक गुस्सा है। पहला शुक्रवार को मोरिंडा में चरणजीत सिंह चन्नी के घर पर हुआ था।

नेताओं ने पार्टी के सीनियर अधिकारियों के साथ बघेल की मीटिंग का भी बॉयकॉट करने का फैसला किया है। हालांकि, वारिंग का सपोर्ट करने वाले लीडर कल बघेल से मिल सकते हैं।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर माय भारत ने कराई निबंध प्रतियोगिता, युवाओं ने किया वृक्षारोपण



चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत माय भारत, चंडीगढ़ की ओर से रविवार को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर निबंध लेखन प्रतियोगिता और वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को डॉ. मुखर्जी के जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान से परिचित कराना था। कार्यक्रम का आयोजन जिला युवा अधिकारी विनय कुमार के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता में 45 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। प्रतिभागियों ने डॉ. मुखर्जी के जीवन, राष्ट्रवाद, शिक्षा, राष्ट्रीय एकता और भारत के विकास संबंधी उनके विचारों पर आधारित निबंध प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में संजीव राणा, संस्थापक, कर्तव्यनिष्ठ फाउंडेशन ने मुख्य वक्ता के रूप में युवाओं को संबोधित किया। उन्होंने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन, दर्शन और राष्ट्र निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए युवाओं से उनके आदर्शों को अपनाने तथा राष्ट्र सेवा, सामाजिक उत्तरदायित्व और नैतिक मूल्यों के प्रति समर्पित रहने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की गई। इसके बाद पर्यावरण संरक्षण और हरित भारत का संदेश देने के उद्देश्य से वृक्षारोपण किया गया। माय भारत, चंडीगढ़ के अधिकारियों ने युवाओं से अपील की कि वे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाते हुए समाज और देश के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

# सेक्टर-39 स्थित पार्टी कार्यालय में माइनॉरिटी सम्मेलन का भव्य आयोजन, नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। सेक्टर-39 स्थित आम आदमी पार्टी कार्यालय में माइनॉरिटी विंग का भव्य सम्मेलन आयोजित किया गया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी माइनॉरिटी विंग, चंडीगढ़ की नई प्रदेश कार्यकारिणी की घोषणा की गई। नई टीम की घोषणा चंडीगढ़ प्रभारी सरदार जरनैल सिंह, चंडीगढ़ प्रदेश अध्यक्ष विजय पाल तथा माइनॉरिटी विंग के प्रदेश अध्यक्ष शादाब राठी द्वारा संयुक्त रूप से की गई। सम्मेलन में चंडीगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से माइनॉरिटी



समाज के सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने आम आदमी पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर पार्टी की जनहितकारी नीतियों पर विश्वास व्यक्त किया तथा संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि आम आदमी पार्टी हमेशा शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, समान अवसर और सामाजिक न्याय की राजनीति में विश्वास रखती है। पार्टी बिना किसी भेदभाव के समाज के हर वर्ग को साथ लेकर विकास के मार्ग पर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि नई प्रदेश कार्यकारिणी के गठन से चंडीगढ़ में माइनॉरिटी विंग को नई ऊर्जा मिलेगी और संगठन को प्रत्येक वार्ड एवं बूथ स्तर तक सशक्त किया जाएगा। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती, जनसेवा और पार्टी की नीतियों को घर-घर तक पहुँचाने का संकल्प लिया।

# पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ओसीएफ, चंडीगढ़ में गाइड्स हेतु राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर का शुभारंभ

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय ओसीएफ सेक्टर-29बी चंडीगढ़ में सोमवार को प्रतिष्ठित राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह पाँच दिवसीय शिविर 10 जुलाई 2026 तक आयोजित किया जाएगा। इस शिविर में क्षेत्र के विभिन्न केंद्रीय विद्यालयों से आए स्काउट एंड गाइड्स प्रतिभागी राज्य पुरस्कार प्राप्ति हेतु आयोजित परीक्षण में भाग ले रहे हैं।




उद्घाटन समारोह में केंद्रीय विद्यालय संगठन, क्षेत्रीय कार्यालय, चंडीगढ़ के उप आयुक्त महोदय अनुराग भटनागर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि सहायक आयुक्त महोदय आरसी शर्मा विशिष्ट अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। प्राचार्य महोदय के.एस पठानिया ने ग्रीन वेलकम द्वारा अतिथियों का स्वागत किया।इस कैंप की संचालिका एवं क्वार्टर मास्टर मीनू बाला ने अतिथियों को स्काउट /गाइड स्कार्फ पहना कर कैंप में शामिल किया।

शिविर की एल.ओ.सी रिया झा ने अपने संबोधन में गणमान्य अतिथियों एवं प्रतिभागियों को अनुशासन, नेतृत्व, निस्वार्थ सेवा, टीम भावना ,देशभक्ति , स्काउट-गाइड मूल्यों को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में गाइड्स के उत्साह और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें परीक्षण शिविर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर बहुत से विद्यार्थियों ने रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसने सब का मन मोह लिया। अंत में उपप्राचार्य महोदय रविंदर सिंह ने शिविर में आने के लिए सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।

राज्य पुरस्कार परीक्षण शिविर गाइड्स को अपनी स्काउटिंग दक्षताओं का प्रदर्शन करने, व्यक्तित्व एवं चरित्र निर्माण को सुदृढ़ करने तथा भविष्य में उच्च उत्तरदायित्वों के लिए स्वयं को तैयार करने का एक उत्कृष्ट अवसर प्रदान करता है। यह शिविर भारत स्काउट्स एवं गाइड्स के दिशा-निर्देशों के अनुरूप संचालित किया जा रहा है तथा इसका समापन 10 जुलाई 2026 को होगा।

# फ्यूचर बिल्डर्स एग्जीबिशन में बच्चों के इनोवेशन ने जीता दिल, संजय टंडन बोले- देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में

## एआई से ड्रोन तक छात्रों के प्रोजेक्ट्स देख प्रभावित हुए संजय टंडन, कहा- नवाचार से बनेगा आत्मनिर्भर भारत

जीरकपुर/यूटर्न/06 जुलाई। भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं भाजपा की राष्ट्रीय परिषद के सदस्य संजय टंडन ने रविवार को जीरकपुर स्थित टर्फस्क्वाड स्पोर्ट्स एरीना में आयोजित फ्यूचर बिल्डर्स एग्जीबिशन-2026 में मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। केयर कब्स की ओर से आयोजित इस प्रदर्शनी में छात्रों ने आधुनिक तकनीकों पर आधारित अपने नवाचार और प्रोजेक्ट्स प्रस्तुत किए।



प्रदर्शनी का अवलोकन करने और छात्रों से बातचीत के बाद संजय टंडन ने कहा कि यह आयोजन भारत की नई पीढ़ी की प्रतिभा, रचनात्मक सोच और तकनीकी क्षमता का बेहतरीन उदाहरण है। उन्होंने कहा कि बच्चों का आत्मविश्वास और सीखने की ललक यह साबित करती है कि देश का भविष्य सुरक्षित हाथों में है।

प्रदर्शनी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), इंटरनेट ऑफ थिंग्स (आईओटी), रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक, एम्बेडेड सिस्टम, ऑटोमेशन, स्मार्ट एग्रीकल्चर, कंप्यूटर विजन और मशीन लर्निंग सहित कई आधुनिक तकनीकों पर आधारित प्रोजेक्ट्स प्रदर्शित किए गए। संजय टंडन ने कहा कि इतनी कम उम्र में बच्चों को तकनीक आधारित समाधान आत्मविश्वास के साथ प्रस्तुत करते देखना गर्व की बात है।

उन्होंने रुहानी, आरुष बेदी, अव्यांश गर्ग, चाहत और एडविल सब्बू सहित कई बच्चों की प्रस्तुति की सराहना करते हुए कहा कि इनकी जिज्ञासा और नवाचार की सोच भविष्य में भारत को तकनीकी रूप से और अधिक मजबूत बनाएगी।

संजय टंडन ने आयोजन से जुड़े सभी मेंटर्स, अभिभावकों और आयोजकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे मंच बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और समस्याओं के समाधान की क्षमता विकसित करते हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि फ्यूचर बिल्डर्स एग्जीबिशन जैसे आयोजन देश में नवाचार की नई संस्कृति को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

# बिजली लाइन के नीचे बने अवैध ढांचे हटाने के आदेश

## हाईटेंशन लाइन के नीचे अवैध निर्माण, बीबीएमबी ने जारी किए नोटिस

डेराबस्सी/यूटर्न/06 जुलाई। भाखड़ा ब्यास मैनेजमेंट बोर्ड (बीबीएमबी) ने डेराबस्सी क्षेत्र में 220 केवी गंगूवाल-जगाधरी सिंगल सर्किट हाईटेंशन बिजली लाइन के नीचे बने अवैध निर्माणों को लेकर सख्त रुख अपनाया है। बीबीएमबी के टीएल सब डिवीजन जगाधरी की ओर से संबंधित लोगों को नोटिस जारी कर तुरंत प्रभाव से ढांचे हटाने के आदेश दिए गए हैं। नोटिस के अनुसार डेराबस्सी में लाइन के स्पैन नंबर 65 से 69 के नीचे अवैध इमारतें व अन्य ढांचे बनाए गए हैं। इससे बिजली लाइन और जमीन के बीच जरूरी सुरक्षा दूरी नहीं रह गई है, जो नियमों का उल्लंघन होने के साथ हादसे का कारण बन सकती है।

बीबीएमबी ने चेतावनी दी है कि यदि अवैध निर्माण नहीं हटाए गए तो संबंधित लोगों के खिलाफ भारतीय बिजली अधिनियम 2003 और बिजली नियम 1956 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी। नोटिस में यह भी कहा गया है कि भविष्य में किसी हादसे, जान-माल के नुकसान या बिजली लाइन को क्षति की जिम्मेदारी संबंधित निर्माणकर्ताओं की होगी। मामले की गंभीरता को देखते हुए नोटिस की कापियां डीसी एसएएस नगर, एसएसपी एसएएस नगर और गमाडा के रेगुलेटरी विभाग को भी भेजी गई हैं।

# सूने मकान का ताला तोड़ 5 तोला सोना, नकदी व चांदी चोरी

- परिवार गया था गांव, लौटने पर बिखरा मिला घर का सामान
- गणेश विहार में चोरी, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस
- सूने मकान से 5 तोला सोना, चांदी व नकदी चोरी



जीरकपुर/यूटर्न/06 जुलाई। बलटाना के गणेश विहार क्षेत्र में सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए सोने-चांदी के आभूषण और नकदी चोरी कर ली। मकान मालिक धर्मेंद्र ने बताया कि वह 19 तारीख को अपने पूरे परिवार के साथ गांव गए हुए थे। शनिवार को जब वे वापस लौटे तो मुख्य गेट का ताला सही सलामत था, लेकिन घर के अंदर लकड़ी के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला। घर के अंदर कमरों का सामान बिस्तरों पर बिखरा पड़ा था। अलमारी के पास पहुंचने पर तिजोरी का ताला भी टूटा मिला। बेड पर रखा वह बॉक्स खाली था, जिसमें सोने के गहने रखे जाते थे। मौके से पेचकस और सब्बल जैसी लोहे की वस्तु भी मिली है। आशंका है कि इन्हीं औजारों से ताले तोड़े गए। पीड़ित के अनुसार, चोर घर से करीब 5 तोला सोना, चांदी के आभूषण और 10 हजार रुपये नकद चोरी कर ले गए। घटना की सूचना बलटाना पुलिस चौकी को दी गई। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित ने पुलिस को लिखित शिकायत सौंप दी है। बलटाना पुलिस चौकी इंचार्ज हरजिंदर सिंह ने बताया कि शिकायत मिल चुकी है। चोरी किस दिन हुई, इसकी जांच की जा रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है। जांच पूरी होने के बाद कानून अनुसार कार्रवाई की जाएगी।





# 20 साल बाद बदलेगी गुरु गोबिंद सिंह नगर और बाबा फरीद नगर की सूरत, 5 करोड़ की प्रीमिक्स सड़क परियोजना शुरू

सोनू टुटेजा

बठिंडा, 6 जुलाई । शहर के विकास कार्यों को गति देते हुए महापौर पदमजीत सिंह मेहता ने सोमवार को वार्ड नंबर 2 के गुरु गोबिंद सिंह नगर और वार्ड नंबर 4 के बाबा फरीद नगर में करीब 5 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली प्रीमिक्स सड़कों के निर्माण एवं नवीनीकरण कार्य का शुभारंभ किया। इस मौके पर नगर निगम के अधिकारी, पार्षद हरवीर सिंह रिप्पू, पार्षद उमेश गर्ग 'गोगी' और बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी मौजूद रहे।



महापौर मेहता ने कहा कि नगर निगम का लक्ष्य शहर के प्रत्येक वार्ड का समान और संतुलित विकास करना है। उन्होंने बताया कि इन दोनों कॉलोनियों में लगभग 20 वर्षों से सड़कें जर्जर थीं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। अब प्रीमिक्स तकनीक से बनने वाली नई सड़कें क्षेत्रवासियों को बेहतर और सुरक्षित आवागमन की सुविधा देंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए।

पार्षद हरवीर सिंह रिप्पू और उमेश गर्ग 'गोगी' ने बताया कि चुनाव के दौरान लोगों ने सड़क निर्माण की मांग प्रमुखता से उठाई थी। महापौर ने उनकी मांग पर त्वरित कार्रवाई करते हुए दो सप्ताह के भीतर प्रक्रिया पूरी कर निर्माण कार्य शुरू करवा दिया। स्थानीय लोगों ने इस पहल का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि इससे पूरे क्षेत्र का विकास तेज होगा।



# रामदरबार से घर-घर नशामुक्त अभियान शुरू,नशे के आदी युवक को पीजीआई में कराया भर्ती

## सर्वहिताये फाउंडेशन का नशे के खिलाफ अभियान

अजीत झा

चंडीगढ़ /यूटर्न/06 जुलाई। शहर में बढ़ते नशे के खतरे के बीच सामाजिक संस्था सर्वहिताये फाउंडेशन ने रामदरबार से 'घर-घर नशामुक्त अभियान' की शुरूआत की है। अभियान के तहत संस्था ने नशे की लत से जूझ रहे एक युवक को बचाने की पहल करते हुए उसे उपचार के लिए पीजीआई में भर्ती कराया। संस्था का दावा है कि अब वह क्षेत्र के अन्य युवाओं को भी नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने के लिए घर-घर जाकर जागरूकता अभियान चलाएगी।



संस्था के अनुसार, उन्हें सूचना मिली थी कि रामदरबार निवासी गोलू लंबे समय से चिट्टे का सेवन कर रहा है और उसकी हालत लगातार बिगड़ रही है। सूचना मिलने के बाद सर्वहिताये फाउंडेशन की टीम ने सेक्टर-31 थाना पुलिस के सहयोग से युवक तक पहुंच बनाई।

टीम ने उसे समझाया, परिजनों को विश्वास में लिया और इलाज के लिए पीजीआई में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार शुरू कराया गया। संस्था का दावा है कि संबंधित युवक रामदरबार क्षेत्र से ही नशा खरीदकर उसका सेवन करता था।

# सहकारिता सप्ताह का समापन: चंडीगढ़ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक ने चलाया ग्राहक जागरूकता अभियान, किया वृक्षारोपण

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। द चंडीगढ़ स्टेट कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड ने 29 जून से 6 जुलाई तक सहकारिता सप्ताह का आयोजन ग्राहक जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक गतिविधियों के साथ किया। सप्ताहभर चले इस अभियान के दौरान बैंक की यूटी चंडीगढ़ स्थित सभी शाखाओं में ग्राहकों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेनदेन और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

बैंक के प्रबंध निदेशक डी. कार्तिकेयन (आईएएस) के मार्गदर्शन तथा सहकारिता विभाग, यूटी चंडीगढ़ के निदेशानुसार आयोजित इस अभियान में वर्तमान और संभावित ग्राहकों को विभिन्न जमा योजनाओं, डिजिटल बैंकिंग सेवाओं, भारत सरकार की सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई।



इसके अलावा मोबाइल बैंकिंग, इंटरनेट बैंकिंग, यूपीआई, रुपे डेबिट कार्ड, केवाईसी और नामांकन जैसी सुविधाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। सहकारिता सप्ताह का समापन सोमवार को सेक्टर-51 स्थित ग्रीन बेल्ट में वृक्षारोपण अभियान के साथ हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास के प्रति लोगों को जागरूक करना रहा।

इस अवसर पर बैंक के अध्यक्ष जुझार सिंह बधेड़ी मुख्य अतिथि और चंडीगढ़ नगर निगम के वरिष्ठ उपमहापौर जसमनप्रीत सिंह विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैंक के निदेशक तलोचन सिंह और बलकृष्ण राणा ने भी पौधारोपण कर अभियान में भाग लिया तथा लोगों से हरित और स्वच्छ चंडीगढ़ के निर्माण में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम के अंत में बैंक की ओर से हरदीप सिंह ने मुख्य अतिथि, विशेष अतिथि, निदेशकों, अधिकारियों, कर्मचारियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैंक भविष्य में भी ग्राहक-केंद्रित बैंकिंग सेवाओं, वित्तीय समावेशन, डिजिटल जागरूकता, पर्यावरण संरक्षण और सहकारिता आंदोलन को बढ़ावा देने के लिए ऐसे अभियान जारी रखेगा।

# इंडियन आइडल एकेडमी में डॉक्टर्स की सुरमयी प्रस्तुतियों ने डॉक्टर्स डे को बनाया यादगार

दिनेश मौदगिल

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। इंडियन आइडल एकेडमी, सीमेटरी रोड में डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में डॉक्टर्स को समर्पित एक विशेष म्यूजिकल इवनिंग का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य समाज की सेवा में दिन-रात समर्पित रहने वाले डॉक्टरों के प्रति सम्मान और आभार व्यक्त करना था। अकादमी के डायरेक्टर रविनंदन शर्मा, सोनिया शर्मा एवं अरिंदम शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस संगीतमय शाम का सफल संचालन संदीप दत्त ने किया। कार्यक्रम के मुख्य आकर्षण शहर के प्रतिष्ठित डॉक्टर रहे, जिनमे मुख्य रूप से डा.संदीप पुरी ,डा.सुमन पुरी , डा.साहिल बस्सी ,डा.मोनिका बस्सी, डा.रोहित सिक्का, डा.प्रीति वोहरा ,डा.अक्षय वोहरा, डा.भारती महाजन,डा.राजेश महाजन, डा.रविंदर वैट्सन,डा.सुनील लखोत्रा,डा.गगन डोगरा, डा.सोनिया डोगरा, डा.अविनाश जिंदल, डा.मनिंदर सिंगला,डा.कमलप्रीत, डा.राजीव ग्रोवर, डा.वैशाली ग्रोवर , डा.ऋतू लेकर, डा. नवीन,डा.महक बांसल,डा.गैवी सेठी,डा.अविनव मोहिंद्रा, डा.दलजीत सिंह, डा.अरविन्द वावा,डा.लखवीर कौर,डा.इरा बाली, डा.राजीव बाली, डा.करणवीर गोयल, आदि जिन्होंने केवल विशिष्ट अतिथि के रूप में ही नहीं बल्कि मंच पर अपनी मधुर गायकी से भी सभी का दिल जीत लिया।



# दड़िया श्मशान घाट के पास बटनदार चाकू के साथ दबोचा गया आदतन अपराधी, आर्म्स एक्ट में केस दर्ज

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस ने औद्योगिक क्षेत्र थाना क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आदतन अपराधी को बटनदार (कमानीदार) चाकू सहित गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार, यह कार्रवाई एसएसपी यूटी कंवरदीप कौर (आईपीएस) के निर्देशन, कार्यवाहक एसपी सिटी गीतांजलि खंडेलवाल तथा एसडीपीओ ईस्ट पी. अभिनंदन (डैनिप्स) की निगरानी में औद्योगिक क्षेत्र थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सतनाम सिंह के नेतृत्व में की गई।



पुलिस ने बताया कि 5 जुलाई की शाम करीब 7:50 बजे पुलिस चौकी दड़िया के हेड कांस्टेबल इंदर पाल अपनी टीम के साथ गश्त पर थे। इस दौरान गांव दड़िया स्थित श्मशान घाट के सामने पार्किंग क्षेत्र में एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में घूमता दिखाई दिया। पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली तो उसके कब्जे से एक कमानीदार (बटन से खुलने वाला) चाकू बरामद हुआ। आरोपी इसके संबंध में कोई वैध लाइसेंस या अनुमति पत्र प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी की पहचान संदीप कुमार (39) निवासी मकान नंबर 336/डी, गली नंबर-10, गांव दड़िया, चंडीगढ़ के रूप में हुई। पुलिस ने उसके खिलाफ थाना इंडस्ट्रियल एरिया में एफआईआर नंबर 63, दिनांक 5 जुलाई 2026 के तहत आर्म्स एक्ट की धाराओं 25, 54 और 59 में मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया। जांच पूरी होने के बाद आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार संदीप कुमार एक आदतन अपराधी है और उसके खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें वर्ष 2018 में इंडस्ट्रियल एरिया थाने में एनडीपीएस एक्ट, वर्ष 2019 में हरियाणा के सेक्टर-5 पंचकूला थाने में एनडीपीएस एक्ट तथा वर्ष 2020 में इंडस्ट्रियल एरिया थाने में जुआ अधिनियम के तहत दर्ज मामले शामिल हैं।

# चंडीगढ़ पुलिस में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल, सुखविंदर पाल सिंह सोंधी बने डीएसपी सेंट्रल

अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/06 जुलाई। चंडीगढ़ पुलिस में सोमवार को पुलिस उपाधीक्षकों (डीएसपी) के स्तर पर बड़ा प्रशासनिक फेरबदल किया गया। पुलिस मुख्यालय की ओर से जारी आदेशों के अनुसार पांच डीएसपी के तबादले किए गए हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए हैं। जारी आदेशों के अनुसार डीएसपी सुखविंदर पाल सिंह सोंधी को हाईकोर्ट सिक्योरिटी से स्थानांतरित कर एसडीपीओ (सेंट्रल) नियुक्त किया गया है। वहीं डीएसपी अमराव सिंह को ट्रेनिंग शाखा से हाईकोर्ट सिक्योरिटी की जिम्मेदारी सौंपी गई है।



डीएसपी सेंट्रल सुखविंदर पाल सिंह सोंधी

इसके अलावा डीएसपी सीता देवी अपने वर्तमान दायित्व डीएसपी कम्युनिटी पुलिसिंग और डीएसपी (प्रशासन) के साथ-साथ अब डीएसपी वेलफेयर का अतिरिक्त प्रभार भी संभालेंगी। डीएसपी मंजू शर्मा को वेलफेयर सेंटर से स्थानांतरित कर डीएसपी लाइंस एंड ट्रेनिंग बनाया गया है। वहीं डीएसपी सुखदीप सिंह को डीएसपी लाइंस से स्थानांतरित कर एडीओ एवं डीएसपी मुख्यालय नियुक्त किया गया है। उन्हें इसके साथ डीसीएचजी (DCHG) का अतिरिक्त प्रभार भी सौंपा गया है।

# डेरा बस्सी में 'मावां-धियां सत्कार योजना' को मिला महिलाओं का समर्थन, 46,826 ने कराया पंजीकरण



डेराबस्सी/यूटर्न/06 जुलाई। पंजाब सरकार की 'मावां-धियां सत्कार योजना' को डेराबस्सी विधानसभा क्षेत्र में महिलाओं का व्यापक समर्थन मिल रहा है। 5 जुलाई तक क्षेत्र की 46,826 महिलाओं का पंजीकरण किया जा चुका है। विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने बताया कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व में राज्य सरकार महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के उद्देश्य से इस योजना का प्रभावी ढंग से संचालन कर रही है। उन्होंने बताया कि जिन महिलाओं का पंजीकरण 1 जुलाई से पहले पूरा हो चुका था, उन्हें योजना की पहली किस्त जारी कर दी गई है। शेष पात्र महिलाओं को भी निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद लाभ प्रदान किया जाएगा।

विधायक ने क्षेत्र की महिलाओं से अपील की कि जो अभी तक योजना से नहीं जुड़ी हैं, वे शीघ्र पंजीकरण कराकर इसका लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि सरकार का लक्ष्य अधिक से अधिक पात्र महिलाओं तक आर्थिक सहायता पहुंचाना है। रंधावा ने बताया कि योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए पूरे डेराबस्सी हलके में करीब 3,000 महिला सखियों की तैनाती की गई है। ये महिला सखियां घर-घर जाकर महिलाओं का पंजीकरण कराने, पात्रता संबंधी जानकारी देने तथा आवश्यक दस्तावेजों की प्रक्रिया पूरी कराने में सहयोग कर रही हैं। इसी अभियान के चलते अब तक 46,826 महिलाओं का सफल पंजीकरण हो चुका है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले दिनों में पंजीकरण का आंकड़ा और बढ़ेगा तथा अधिकाधिक महिलाएं योजना से जुड़कर सरकार की ओर से मिलने वाली आर्थिक सहायता का लाभ प्राप्त करेंगी।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर भाजपा ने दी श्रद्धांजलि



डेराबस्सी/यूटर्न/06 जुलाई। भाजपा मंडल डेराबस्सी की ओर से डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125वीं जयंती पर आदर्श नगर स्थित भाजपा कार्यालय में पुष्पांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान कार्यकताओं ने डॉ. मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। वक्ताओं ने उनके 'एक देश में एक विधान, एक निशान, एक प्रधान' के विचारों को याद करते हुए कहा कि उनका जीवन राष्ट्रवाद और संगठन के प्रति समर्पण की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता मनप्रीत सिंह बन्नी संधू, ओबीसी मोर्चा पंजाब के उपाध्यक्ष रविन्द्र वैष्णव, मंडल अध्यक्ष पवन धीमान पम्मा, गिरजा शंकर शर्मा, महिला मोर्चा से मोना सैणी, नरिंदर मोहन शर्मा, दिनेश वैष्णव, युवा मोर्चा से हैप्पी कौशल, स्वर्ण सिंह, रिंकू पंडित, सोनी धीमान और मक्खन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कुत्तों के झुंड ने बच्ची को मारा, घसीटकर ले गए, मां-बाप कर रहे थे धान की रोपाई





दसूहा/यूटर्न/6 जुलाई। होशियारपुर में आवारा कुत्तों के झुंड ने एक चार वर्षीय बच्ची पर हमला कर दिया, जिसमें उसकी मौत हो गई। बच्ची अपने परिवार के साथ खेत में गई थी, जहां उसके माता-पिता काम कर रहे थे। वह उनसे करीब 100 मीटर की दूरी पर थी। जानकारी के अनुसार मृतका गुनगुन का परिवार उत्तर प्रदेश के लखीमपुर खीरी जिले के ध्यानपुर गांव का रहने वाला है। यह परिवार दसूहा के बसी जलाल गांव में रहकर मजदूरी के जरिए अपना गुजारा करता है। मजदूर राम जीवन और उनकी पत्नी प्रीति बसी जलाल के पास एक किसान के खेत में धान की रोपाई कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने अपनी बेटी गुनगुन को खेत से लगभग 100 मीटर दूर एक मोटर के पास पेड़ की छांव में लिटा रखा था।

### आवार कुत्तों के झुंड ने किया हमला

रविवार शाम करीब 5:30 बजे लगभग सात आवारा कुत्तों के झुंड ने बच्ची गुनगुन पर हमला कर दिया। कुत्ते उसे कुछ दूरी तक घसीट ले गए। बच्ची की चीखें सुनकर उसके माता-पिता और अन्य परिजन मौके पर पहुंचे, जहां गुनगुन गंभीर रूप से घायल अवस्था में मिली।

### सरकारी अस्पताल ले गए परिवार के लोग

परिजन आनन-फानन में बच्ची को टांडा के सरकारी अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसकी हालत गंभीर बताई। स्थिति नाजुक होने के कारण उसे होशियारपुर रेफर कर दिया गया। वहां देर रात इलाज के दौरान गुनगुन की मौत हो गई। बता दें कि, यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले 6 मई को भी निकटवर्ती गांव खरल खुर्द में आवारा कुत्तों ने एक प्रवासी मजदूर की मासूम बच्ची पर हमला कर उसकी जान ले ली थी।

# सीवरेज निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर उठे सवाल, जांच की मांग



डेराबस्सी/यूटर्न/06 जुलाई। हैबतपुर रोड पर चल रहे सीवरेज निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थानीय लोगों ने सवाल उठाए हैं। लोगों का आरोप है कि मौके पर लगाए जा रहे सीवरेज ढक्कनों पर मानक गुणवत्ता संबंधी चिन्ह स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहे, जिससे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता को लेकर संदेह पैदा हो गया है। स्थानीय निवासियों ने कहा कि यदि निर्माण कार्य में तय मानकों का पालन नहीं किया गया तो भविष्य में सड़क धंसने, ढक्कन टूटने या हादसे होने का खतरा बढ़ सकता है। इससे राहगीरों और वाहन चालकों की सुरक्षा प्रभावित हो सकती है। लोगों ने संबंधित विभाग और नगर परिषद प्रशासन से मामले की निष्पक्ष जांच करवाने तथा निर्माण सामग्री की गुणवत्ता की पुष्टि करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि यदि जांच में किसी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदार के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। इस संबंध में ठेकेदार से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।

## गोल्डन ग्लैमर से इंटरनेट पर छाईं अभिनेत्री, नए फोटोशूट ने मचाई सनसनी



ग्लैमरस अंदाज में सामने आए अभिनेत्री के नए फोटोशूट ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है। गोल्डन बैकलेस ड्रेस और लग्जरी थीम वाले इस लुक ने फैंस को पहली ही झलक में अपना दीवाना बना लिया। तस्वीरें वायरल होते ही इंस्टाग्राम और अन्य प्लेटफॉर्म्स पर लाखों लाइक्स और हजारों प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई। फैंस इसे अभिनेत्री के अब तक के सबसे बोल्ड और स्टाइलिश फोटोशूट्स में से एक बता रहे हैं। इस फोटोशूट के बाद उनके अगले बड़े प्रोजेक्ट को लेकर चर्चाओं का दौर भी तेज हो गया है।

# मोदी दौरे से पहले धमकी, ऑस्ट्रेलियाई पुलिस ने युवक को किया तलब

चंडीगढ़/यूटर्न/6 जुलाई। ऑस्ट्रेलियाई फेडरल पुलिस (एएफपी) ने पिछले हफ़्ते एक युवा की पहचान की, जिसने ऑस्ट्रेलिया यात्रा से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ऑनलाइन धमकी दी थी। पुलिस ने बताया कि जांच के बाद उस व्यक्ति को औपचारिक चेतावनी जारी की गई है। यह धमकी भरा कमेंट मेलबर्न मीट्स मोदी कम्युनिटी इवेंट को प्रमोट करने वाली एक फेसबुक पोस्ट के नीचे किया गया था। यह इवेंट 9 जुलाई को मेलबर्न के मार्वल स्टेडियम में होने वाला है। पीएम मोदी इस हफ़्ते ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज के साथ द्विपक्षीय बातचीत करने और मेलबर्न में भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए ऑस्ट्रेलिया का दौरा कर रहे हैं। ऑनलाइन धमकी के बाद एएफपी ने जांच शुरू की और अधिकारियों ने पुष्टि की कि उन्होंने पोस्ट करने वाले का पता लगा लिया है और शुक्रवार को उस व्यक्ति से बात भी की है। द ऑस्ट्रेलिया टुडे को दिए एक लिखित



बयान में, एएफपी ने कहा कि उसने उस व्यक्ति की पहचान उजागर नहीं की है, लेकिन दोहराया कि वह फेडरल सांसदों, ऊंचे ओहदों पर बैठे लोगों और अंतरराष्ट्रीय हस्तियों के खिलाफ धमकियों को गंभीरता से लेती है।

### *समुदाय को कभी खतरा नहीं*

*एएफपी ने कहा, समुदाय को अभी कोई खतरा नहीं है और न ही भविष्य में ऐसा कोई खतरा है। मामले की जांच-पड़ताल के बाद, उस युवा को औपचारिक चेतावनी जारी की गई। न्यूज आउटलेट ने बताया कि जिस दिन ऑनलाइन धमकी भरा कमेंट आया, उसी दिन यह मामला एएफपी के ध्यान में लाया गया था। इससे पहले, जांच से जुड़े सूत्रों ने कहा था कि अधिकारियों ने अपनी जांच के दौरान पोस्ट के स्रोत का पता लगा लिया था। कमेंट में प्रधानमंत्री की यात्रा के बारे में धमकी भरा ज़िक्र था। हालांकि, एएफपी ने कहा कि सार्वजनिक सुरक्षा को कोई खतरा नहीं है।*

# रक्तदान शिविर में युवाओं ने बढ़-चढ़कर किया रक्तदान

चंडीगढ़/यूटर्न/6 जुलाई। सुपरस्पेशलिटी अस्पताल और उज्वल कल्याण संस्था की ओर से आज एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मानवता की सेवा और जरूरतमंद मरीजों की सहायता के उद्देश्य से लगाया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं, समाज सेवकों और इलाका निवासियों ने भाग लिया। शिविर के दौरान विशेषज्ञ डॉक्टरों और मेडिकल टीम की देखरेख में रक्त एकत्रित किया गया।इस अवसर पर संस्था के नेताओं ने कहा कि रक्तदान सबसे बड़ा दान है, जिससे कई कीमती जानें बचाई जा सकती हैं। उन्होंने लोगों को नियमित रूप से रक्तदान करने के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के लिए जीवनदान साबित हो सकता है। यह कैंप नितीश राणा द्वारा उज्वल कल्याण



संस्था की ओर से लगाया गया, जिसमें अमित ओबरॉय, प्रीति ओबरॉय, परगट सिंह, रजनीश धीमान, भाजपा लुधियाना शहरी अध्यक्ष, दिनेश सरपाल जी और गुरदीप गोशा जी (भाजपा) ने शिरकत की। यूनियनसंस्था की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति ओबराय और एडवोकेट परगट सिंह ने रक्तदाताओं का धन्यवाद करते हुए कहा कि सामाजिक सेवा के ऐसे प्रयास भविष्य में भी जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि युवाओं का उत्साह देखकर यह साबित होता है कि समाज में मानवता की सेवा की भावना आज भी जीवित है।शिविर में रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं को प्रशंसा पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित भी किया गया। आयोजकों ने शिविर को सफल बनाने के लिए सहयोग देने वाली सभी संगत, समाज सेवियों और मेडिकल टीम का विशेष धन्यवाद किया। रक्तदान शिविर के दौरान लोगों को रक्तदान के महत्व के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा राजेश्वरी गुसाई, अनमोल, संजीव गुप्ता, प्रीति ओबराय, गुरदीप सिंह, शिवराम गुप्ता जी आदि सहित बड़ी संख्या में दानदाता और समाज सेवक उपस्थित थे।

## मानवता की सेवा से ही जीवन के कष्ट कट जाते है - कुलदीप कक्कड़



मनोज माटा

लुधियाना/यूटर्न/6 जुलाई। पखोवाल रोड स्थित निष्काम सेवा आश्रम की ओर से मासिक राशन वितरण समारोह भारत विकास परिषद विवेकानंद शाखा के सहयोग से आयोजित किया गया। जिसमे 151 जरूरतमंद परिवारों को राशन वितरित किया गया। इस अवसर पर शाखा के अध्यक्ष कुलदीप कक्कड और सचिव रेनू लेखी ने बताया की संस्था का एक ही लक्ष्य है कि सेवा के कार्य मे व मानवता की भलाई के ऐसे नेक कार्य मे निरन्तर योगदान देते रहे' उन्होंने कहा की मानवता की सेवा करने से जीवन के सब कष्ट कट जाते है' इस अवसर पर राजीव खेड़ा, राज कुमार वालीया, सुरिंदर डावर, साहिल शर्मा, अश्वनी देओरिया व डॉ. रेखा कौशल आदि ने बढ़चढ़ हिस्सा लिया।'

## सुधीर महाजन बने द आर्ट ऑफ लिविंग पंजाब की एपेक्स बॉडी के सदस्य



लुधियाना/यूटर्न/6 जुलाई। द आर्ट ऑफ लिविंग सेंटर, 64-आर, मॉडल टाउन में परम पूज्य गुरुदेव श्री श्री रविशंकर जी की असीम कृपा से सम्मान समारोह एवं सत्संग का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुधीर महाजन को द आर्ट ऑफ लिविंग की पंजाब एपेक्स बॉडी का सदस्य नियुक्त होने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि यह दायित्व उनके लिए गुरुदेव की कृपा और सेवा का एक पावन अवसर है। उन्होंने पूर्ण समर्पण, विनम्रता और निष्ठा के साथ पंजाब में सेवा, साधना एवं सत्संग को और अधिक सशक्त बनाने तथा गुरुदेव के प्रेम, शांति और मानवीय मूल्यों के संदेश को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प व्यक्त किया। समारोह के दौरान पूनम अनेजा को स्टेट टीचर कोआर्डिनेटर का दायित्व मिलने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रदीप चौधरी, सुनैना चौधरी, रजनी चावला, स्वपन पूरी, विजय मल्होत्रा, राजिंदर गोयल, पुनीत सूद, परवीन मल्होत्रा, प्रीति जैन, बांके बिहारी, अमित शारदा, अमित भसीन, प्रकाश वात्स्यन, मीनाक्षी, नंदिनी महाजन, शिव कुमार शर्मा मौजूद रहे।

## रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ पतितो का उद्धार करने हेतु आते है मंदिर से बाहर-विक्रम भुइयां

मनोज माटा

लुधियाना/यूटर्न/06 जुलाई। जगन्नाथ पुरम चन्दर नगर स्थित श्री जगन्नाथ मंदिर से जगन्नाथ जी की पारंपरिक रथयात्रा 16 जुलाई को बड़ी धूमधाम से निकाली जा रही है। रथयात्रा की तैयारियों को लेकर शहर के सभी धार्मिक, सामाजिक व राजनीतिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों को निमंत्रण पत्र देने के साथ सूचना केंद्र खोले जा रहे हैं। ताकि भक्तो को रथयात्रा संबंधी जानकारी प्राप्त हो सके। इस कड़ी के उपलक्ष्य में श्री संकटमोचन बाला जी सेवा परिवार के वीरेश विज को निमंत्रण दिया गया।



निमंत्रण लेते हुए वीरेश विज ने कहा कि ये उनका सौभाग्य है कि उनको रथ यात्रा में जाने का मौका प्राप्त हुआ। विक्रम भुइयां ने जानकारी देते हुए कहा कि रथयात्रा के दिन भगवान जगन्नाथ पतितो का उद्धार करने हेतु मंदिर से बाहर आकर भक्तो को दर्शन देते है।इस दिन भगवान की डोरी भक्तो के हाथ में होती है। ये दिन भक्त और भगवान के मिलन का दिन है इस अवसर पर अरुण परीजा,अभय बेहरा, सतबीर लेंका, सुनील राऊतराय, सचिन बेहरा, आदि मौजूद रहे।






Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma

तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार। Contact - +91 9814295372